**Certificate in Language Examination, 2019**
**Hindi**
**Paper : II**

**Time : 3 Hours** **Full Marks : 80**

Questions are of value as indicated in the margin

1. निम्नलिखित अवतरणों में से किन्ही **दो** की सप्रसंग व्याख्या कीजिए– 2×8=16

क) मुझे तोड़ लेना बनमाली,
उस पथ में देना तुम फेंक।
मातृ-भूमि पर शीश चड़ाने,
जिस पथ जावें वीर अनेक।

ख) क्या अमरों का लोक मिलेगा
तेरी करूणा का उपहार?
हरने दो हे देव! अरे
यह मेरा मिटने का अधिकार।

ग) देखा, आँगन के कोने में कई नवागत,
छोटी-छोटी छाता ताने खड़े हुए हैं।
छाता कहूँ कि विजय पताकाएँ जीवन की,
या हथेलियाँ खोले थे वे नन्हीं, प्यारी—
जो भी हो, वे हरे-हरे उल्लास से भरे
पंख सार कर उड़ने को उत्सुक लगते थे।

घ) जायें, सिद्धि पावें वे सुख से,
दुखी न हो इस जन के दुख से,
उपालभ्य दूँ मैं किस मुख से
आज अधिक वे भाते!

2. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** के उत्तर दीजिए– 2×12=24

क) 'तोड़ती पत्थर' कविता का भावार्थ लिखिए।

ख) 'अधिकार' शीर्षक कविता में कवयित्री की चाहत को अपने शब्दों में लिखिए।

ग) 'जयशंकर प्रसाद' अथवा 'माखनलाल चतुर्वेदी' का साहित्यिक परिचय दीजिए।

घ) 'गीत' कविता का भावार्थ लिखिए।

3. निम्नलिखित अवतरणें में से किन्हीं **दो** की सप्रसंग व्याख्या कीजिए – 2×8=16

क) धर्म पालन करने के मार्ग में सबसे अधिक बाधा चित्त की चंचलता, उद्देश्य की अस्थिरता और मन की निर्बलता से पड़ती है।

ख) मित्रों के चुनाव की उपयुक्तता पर उसके जीवन की सफलता निर्भर हो जाती है; क्योंकि संगत का गुप्त प्रभाव हमारे आचरण पर बड़ा भारी पड़ता है।

P.T.O

ग) संसार में ऐसे मनुष्य भी होते हैं, जो अपने आमोद-प्रमोद के आगे किसी की जान की परवाह नहीं करते, शायद इसका उसे अब भी विश्वास न आता था।

घ) नैतिक अंकुश के बिना शक्ति मानव के लिए हितकर नहीं होती। वह नैतिक अंकुश यह चेतना या भावना ही दे सकती है वही उस शक्ति को परिक्षित भी कर सकती है और उसके उपयोग को जियंत्रित भी।

4. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** के उत्तर दीजिए – 2×12=24

क) 'मन्त्र' कहानी के उद्देश्य पर प्रकाश डालिए।

ख) राजेन्द्रप्रसाद के पठित निबंध के आधार पर भारतीय संस्कृति की विशेषताएँ बताइए।

ग) 'मित्रता' निबंध के आधार पर बताइए कि मित्रता स्थापित करते समय क्या-क्या सावधानियाँ बरतनी चाहिएँ?

घ) हजारीप्रसाद द्रिवेदी अथवा प्रेमचन्द का साहित्यिक परिचय दीजिए।